# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,

इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611


पत्रांक–192 /FP/UK/ROAD/12710/2015 :देहरादूनःदिनांकः 15 जुलाई, 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमांऊ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः– जनपद–बागेश्वर के अन्तर्गत बालीघाट–धरमघर–खन्तोली पुल से गुरगुच्या प्रा0पा0 स्कूल तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.63 है0 वन भूमि के प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।

संदर्भः– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की पत्र संख्या–8बी/यूसीपी/06/242/2015/एफ0सी0/938 दिनांक 29–10–2021।

महोदय,

कृपया अपने उपरोक्त विषयक पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिससे विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार द्वारा वांछित सूचना/आख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है। उक्त प्रेषित आख्या के क्रम में अवगत कराना है कि आपके द्वारा प्रेषित प्रतिउत्तर मात्र औपचारिकता पूर्ण कर इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। यह बड़े खेद का विषय है कि आपके द्वारा भारत सरकार द्वारा लगाई गयी आपत्तियों का भली भांति परीक्षण नहीं किया गया है और अपूर्ण सूचना इस कार्यालय को अग्रसारित कर दी गयी है, पर्याप्त सूचनाओं के अभाव में प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जानी सम्भव नहीं हो पा रही है। भारत सरकार द्वारा लगायी गयी आपत्ति में पूछा गया है कि के0एम0एल0 फाईल पर कोई भी वैकल्पिक समरेखण नहीं दर्शाया गया है तथा जमीन धसने कि सम्बन्ध में Geologist की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय। साथ ही यदि यह समस्या वैकल्पिक समरेखण के साथ है जो राज्य सरकार यह स्पष्ट करें कि किस आधार पर यह माना गया है कि प्रस्तावित समरेखण पर यह समस्या नहीं है। इस क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी, स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या स्वयं की संस्तुति सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें साथ ही यह भी अवगत करायें कि उपरोक्त के दृष्टिगत उक्त मोटर मार्ग निर्माण का औचित्य एवं आवश्यकता क्या है।

अतः भारत सरकार द्वारा लगाई आपत्तियों का भली भांति परीक्षण कर अपनी पूर्ण संतुष्टि तक अध्ययन कर ही तथ्यात्मक आख्या/सूचना इस कार्यालय को सम्बन्धित वन संरक्षक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(ए0के0 गुप्ता)
वन संरक्षक।

Rohit:PD Backup